उत्तर मध्य रेलवे
# प्रत्यूष
फरवरी मार्च 2024
98वाँ अंक



## उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह आयोजित




दिनांक 07.03.2024 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह 2023 महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविंद्र गोयल की अध्यक्षता एवं अध्यक्षा उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन श्रीमती शिखा गोयल, अपर महाप्रबंधक, समस्त प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल से पधारे मंडल रेल प्रबंधक गणों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर मध्य रेलवे के कुल 72 रेल कर्मी पुरस्कृत हुए ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में उत्तर मध्य रेलवे की उपलब्धियों के लिए बधाई देते हुए कहा कि, 'रेल सप्ताह समारोह का आयोजन न केवल हमें अपना आकलन करने का अवसर देता है बल्कि इस अवसर पर अपने कार्य से रेलवे को उत्कृष्ट बनाने वाले रेल कर्मियों को चुनने व सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में सुश्री अपराजिता पटेल द्वारा शिव स्तुति (वंदना) प्रस्तुत की गयी तथा सुश्री अपराजिता पटेल एवं सुश्री मिताली वर्मा द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति की गयी, जिसको सभी उपस्थित रेलकर्मियों एवं आगंतुकों द्वारा सराहा गया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मण्डलों, कारखानों व इकाईयों को शील्ड प्रदान की गयी। प्रयागराज मण्डल द्वारा सर्वाधिक शील्ड प्राप्त की गयी तथा मण्डल को समग्र सुधार मण्डल शील्ड प्रदान की गयी। वर्ष के सर्वोत्तम मण्डल के रूप में आगरा मण्डल को सर्वोत्तम मण्डल शील्ड प्रदान की गयी।

प्रयागराज मंडल को ट्रैक मशीन शील्ड, समग्र इंजीनियरिंग दक्षता शील्ड, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन शील्ड सामान्य सेवा एवं उर्जा दक्षता शील्ड, अंतर मंडलीय चिकित्सा शील्ड , वेस्ट कोचिंग रैक कप, माल भाड़ा परिचालन शील्ड, परिचालन विभाग दक्षता शील्ड , सुरक्षा दक्षता शील्ड, यात्री सुरक्षा शील्ड, सर्वश्रेष्ठ मंडल राजभाषा शील्ड, जनसम्पर्क समग्र दक्षता शील्ड प्राप्त हुई।

झाँसी मंडल को सर्वोत्तम मंडल लेखा विभाग शील्ड, रेल पथ (ट्रैक) शील्ड, रनिंग रूम शील्ड, सर्वोत्तम स्टेशन प्रमाण पत्र (महोबा), रोलिंग स्टाक दक्षता शील्ड, सिग्नल दक्षता शील्ड, मंडल स्क्रैप संग्रहण शील्ड प्राप्त हुई ।

आगरा मंडल को वाणिज्य शील्ड, स्टेशन साफ़-सफाई शील्ड (आगरा कैंट), ब्रिज शील्ड, वेस्ट कोचिंग डिपो कप (आगरा डिपो), समय पालन में सुधार शील्ड, संरक्षा दक्षता शील्ड, स्थापना कार्यो में सर्वोत्तम शील्ड, दूरसंचार दक्षता शील्ड, खेलकूद शील्ड प्राप्त हुई ।

इनके साथ ही इंजी./निर्माण दक्षता शील्ड- उप मु.इंजी./नि. कानपुर, भण्डार दक्षता शील्ड- इलेक्ट्रिक लोको शेड, झाँसी, सर्वोत्तम चिकित्सालय शील्ड -केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज, सर्वोत्तम स्वास्थ्य केन्द्र शील्ड - ग्वालियर स्वास्थ्य इकाई (झाँसी मण्डल ) को दी गई ।

धन्यवाद ज्ञापन श्री मुदित चन्द्रा, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन द्वारा किया गया।

अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अखिल भारतीय अंतर रेलवे क्रिकेट लीग चैंपियनशिप का शुभारंभ



दिनांक 30.03.2024 से 04.04.2024 तक रेलगाँव स्टेडियम प्रयागराज में उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में आयोजित हो रही 67वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे क्रिकेट लीग चैंपियनशिप का शुभारंभ दिनांक 30.03.2024 को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविंद्र गोयल द्वारा उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों की गरिमामई उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सभी टीमों, खिलाड़ियों एवं कोचों से मिलकर उनका परिचय प्राप्त किया।

महाप्रबंधक ने उम्मीद जताई कि इस चैंपियनशिप के आयोजन से रेलवे में खेलों को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेल हमें टीम भावना सिखाता है, जिससे हमें कठिन परिस्तिथियों और सभी समस्याओं से आसानी से एक साथ मिल कर निपटने मे सहायता मिलती है।

इस 06 दिवसीय समागम में भारतीय रेल के 6 ज़ोनों की टीमों के साथ आए लगभग 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन महासचिव उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ श्री हिमांशु शेखर उपाध्याय ने किया।

## ट्रैक मशीन केंद्रीय आवधिक ओवरहॉलिंग कारखाने का निरीक्षण




दिनांक 10.02.2024 को महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री रविंद्र गोयल ने सूबेदारगंज, स्थित ट्रैक मशीन केंद्रीय आवधिक ओवरहॉलिंग कारखाने का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि, सीपीओएच/प्रयागराज ट्रैक अनुरक्षण के क्षेत्र में एक प्रमुख संस्थान है और इसको सभी ज़ोनल रेलों के साथ नॉलेज शेयरिंग प्लेटफॉर्म के रूप में भी विकसित करना चाहिए। इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक द्वारा रेल सुरक्षा बल, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण



दिनांक 10.02.2024 को श्री रविंद्र गोयल, महाप्रबंधक द्वारा रेल सुरक्षा बल, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, सूबेदारगंज का निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र के क्लास रूम, लाइब्रेरी, सिम्युलेटर कक्ष, जिम, ऑडिटोरियम, राजपत्रित अधिकारी मैस तथा परेड ग्राउंड का विजिट किया।

इस दौरान प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री अमिय नन्दन सिन्हा एवं अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## 128 वें प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन




उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय द्वारा 128वां प्रबंधन विकास कार्यक्रम, अभियांत्रिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर में दिनांक 05 से 09 फरवरी 2024 के बीच आयोजित किया गया। अभियांत्रिकी प्रशिक्षण संस्थान, कानपुर में आयोजित उक्त कार्यक्रम में मुख्यालय से 12, प्रयागराज मंडल से 11, झाँसी मंडल से 04 एवं आगरा मंडल से 05 सहित कुल 32 सुपरवाईजरों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## न्यू अहरौरा रोड स्टेशन (डीएफसी) से भारतीय रेलवे के जिवनाथपुर स्टेशन तक लिंक लाइन में खाली रेक का ट्रायल रन



दिनांक 15.02.2024 को न्यू अहरौरा रोड स्टेशन (डीएफसी) से भारतीय रेलवे के जिवनाथपुर स्टेशन तक नवनिर्मित लिंक लाइन पर लाइट इंजन 27939 द्वारा ट्रायल रन किया गया। परीक्षण के दौरान, श्री ए.बी. सरन, मुख्य महाप्रबंधक, प्रयागराज पूर्व, श्री मन्नू प्रकाश दुबे अपर महाप्रबंधक (ओपी एवं बीडी) प्रयागराज उपस्थित रहे। इस दौरान डीएफसीसीआईएल, पीएमसी और जेवी के अधिकारी भी मौजूद रहे ।

## हमारे नये प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक



भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1993 बैच के अधिकारी श्री शरत सुधाकर चंद्रायन ने प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक का पदभार दिनांक 14 फरवरी 2024 को ग्रहण किया।

उत्तर मध्य रेलवे में आने से पहले श्री शरत चंद्रायन सीपीटीएम/मध्य रेलवे के पद पर कार्यरत थे। अपनी रेल सेवा के दौरान उन्होंने भारतीय रेलवे के कई अहम पदों पर काम किया। श्री चंद्रायन ने सहायक परिचालन प्रबंधक, मंडल परिचालन प्रबंधक, डिप्टी सीओएम (गुड्स), सीनियर डीएसओ, सीनियर डीओएम, सीनियर डीसीएम सहित पश्चिम रेलवे में सीपीआरओ के दायित्वों का निर्वहन किया। इसके साथ ही इन्होंने मुख्य यातायात योजना प्रबंधक/मध्य रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक, हैदराबाद/दक्षिण मध्य रेलवे एवं मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक/मध्य रेलवे के पदों पर भी कार्य किया है। इसके अलावा, उन्होंने समूह महाप्रबंधक/कॉनकॉर के रूप में भी काम किया है और कॉनकॉर एयर लिमिटेड के निदेशक एवं सीईओ के रूप में भी अपनी सेवाएं दी हैं ।

## कौशल एवं कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



कार्मिक विभाग में रेलकर्मियों के कौशल एवं कौशल उन्नयन के लिए दिनांक 19.02.2024 को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी द्वारा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास (Leadership & Personality Development ) के विषय में व्याख्यान कार्मिक विभाग के सभाकक्ष में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयोजित व्याख्यान में कार्मिक विभाग के सभी अधिकारीगण एवं मुख्य कार्यालय अधीक्षक/कार्यालय अधीक्षक उपस्थित थे।

## अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आयोजित



दिनांक 17 फरवरी 2024 को उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के तत्वावधान में आयोजित हुई अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन महाप्रबंधक श्री रविंद्र गोयल की अध्यक्षता एवं उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों की गरिमामई उपस्थिति में किया गया।

अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमें आपस में मिलने जुलने का अवसर प्रदान करते हैं और मैं आशा करता हूं कि यह आयोजन हम सबमें टीम भावना को बढ़ाने के लिए कारगर सिद्ध होगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने टीमों से परिचय प्राप्त किया और पुरस्कार वितरण किया। महाप्रबंधक के हाथों से बेस्ट बैट्स मैन - हर्ष ठाकुर, बेस्ट बॉलर-पवन दीप, बेस्ट विकेट कीपर-जाहिद अली, बेस्ट फील्डर - संदीप यादव एवं मैन ऑफ द सिरीज - प्रथम मिश्रा को पुरस्कार प्राप्त हुआ। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष खेल संघ श्री बी.पी. सिंह द्वारा किया गया।



*"पवित्रता के बिना एकाग्रता का कोई मूल्य नहीं है।" - स्वामी शिवानन्द*

## महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं महिलाओं के लीगल राइट्स विषय पर सेमिनार आयोजित



उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में दिनांक 04 मार्च 2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य एवं महिलाओं के लीगल राइट्स विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मंजू लता हांडू, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी, श्रीमती अनम सिद्दकी, उप महाप्रबंधक/विधि एवं डॉ गरिमा त्रिपाठी, उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी ने सम्बंन्धित विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।

## महिला कल्याण संगठन द्वारा प्राईवेट महिला कर्मियों का सम्मान



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यालय कार्यालय एवं रेलगॉव कालोनी में प्राईवेट एजेंसी के माध्यम से हार्टिकल्चर में कार्य करने वाली कुल 27 महिलाओं को संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल द्वारा उपयोगी उपहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन की अन्य सदस्या उपस्थित रहीं।

## उत्तर मध्य रेलवे को मिली रेल मंत्री राजभाषा ट्राफी



राजभाषा हिंदी के सर्वोत्कृष्ट प्रयोग-प्रसार के लिए उत्तर मध्य रेलवे को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप रेल मंत्री राजभाषा ट्राफी से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री सतेन्द्र कुमार को अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रेलवे बोर्ड, श्रीमती जया वर्मा सिन्हा ने प्रदान किया।

## महाप्रबन्धक द्वारा संरक्षा पुरस्कार वितरण



दिनांक 13.03.2024 को फरवरी माह के लिए महाप्रबन्धक, श्री रविन्द्र गोयल द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, श्री मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 09 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्री शशिकांत, ट्रैक मेन्टेनर-IV, मिढ़ाकुर/आगरा को फरवरी, 2024 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## कार्मिक विभाग के कर्मचारी पुरस्कृत



कार्मिक विभाग, में दिनाँक 18.03.2024 को मार्च माह का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी का पुरस्कार श्री देवेन्द्र यादव, वरिष्ठ आशुलिपिक, रेल भर्ती प्रकोष्ठ तथा सर्वश्रेष्ठ अनुभाग का पुरस्कार आरटीआई अनुभाग, कार्मिक विभाग को प्रदान किया गया।

## महिला रेल कर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित




दिनांक 20.03.2024 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय, मंडलों एवं वर्कशॉपों में विभिन्न पदों पर कार्यरत अराजपत्रित महिला कर्मचारियों हेतु पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा श्रीमती शिखा गोयल ने 22 उत्कृष्ट महिला कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र एवं व्यक्तिगत उपहार से सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन की अन्य सदस्या भी उपस्थित रहीं।

## स्थाई वार्ता तंत्र बैठक का आयोजन



दिनांक 20.03.2024 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय कार्यालय में महाप्रबंधक श्री रविंद्र गोयल की अध्यक्षता में उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन (एनसीआरएमयू) के साथ दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र (पीएनएम) बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनियन के पूरे जोन से आए पदाधिकारी एवं उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक का संचालन प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री अनुराग त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर श्री गोयल ने ज़ोन की उपलब्धियों को रेखांकित किया। बैठक में यूनियन के पदाधिकारियों ने कर्मचारी हितों से जुड़ी मांगों को महाप्रबंधक के समक्ष

## कार्यकारी निदेशक द्वारा EDFC के संचालन नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण



श्री अंशू पांडे, कार्यकारी निदेशक (रणनीतिक योजना कार्यान्वयन) रेलवे बोर्ड ने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के संचालन नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑपरेशन नियंत्रण केंद्र में उपयोग हो रहे उपकरणों की प्रशंसा की। इस निरीक्षण के दौरान श्री ए.बी. सरन, मुख्य महाप्रबंधक/प्रयागराज (पूर्व), श्री आशीष मिश्रा, मुख्य महाप्रबंधक /प्रयागराज (पश्चिम) एवं श्री मन्नू प्रकाश दुबे, अपर महाप्रबंधक (ओपी एण्ड बीडी) प्रयागराज उपस्थित रहे।

# केंद्रीय चिकित्सालय के शताब्दी समारोह के तहत एक माह के शताब्दी मेडी संगम 2024 की झलकियाँ



## विभिन्न यात्री सुविधाओं का लोकार्पण एवं शुभारंभ



दिनांक 22.02.2024 को श्रीमती अनुप्रिया पटेल माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग ने नारायनपुर बाज़ार रेलवे स्टेशन पर पैदल उपरिगामी पुल का लोकार्पण एवं गाड़ी संख्या 13346 सिंगरौली-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस के नारायनपुर बाज़ार रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबन्धक/प्रयागराज, श्री हिमांशु बडोनी सहित मंडल के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र की जनता उपस्थित थी।

## मंडल के 10 स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास एवं 65 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज का लोकार्पण/शिलान्यास



दिनांक 26.02.2024 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 41,000 करोड़ रुपये की लागत से देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों के शिलान्यास और 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण किया। इस अवसर पर स्थानीय कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसी क्रम में प्रयागराज मंडल के नैनी मानिकपुर खंड के अंतर्गत इरादतगंज एवं लिंक जंक्शन के मध्य अंडर पास संख्या 429 पर आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी उपस्थित रहीं।

## क्षिप्रा एक्सप्रेस के डभौरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ



दिनांक 03.03.2024 को श्री जनार्दन मिश्रा, माननीय सांसद, लोकसभा -रीवा ने ट्रेन सख्या 22912/22911 हावड़ा-इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस का डभौरा रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया।

## महाकाल एक्सप्रेस का फ़तेहपुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ



दिनांक 04 मार्च 2024 को साध्वी निरंजन ज्योति माननीय केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने गाड़ी सं. 20415/20416 वाराणसी-इन्दौर-वाराणसी काशी महाकाल एक्सप्रेस का फ़तेहपुर रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया।

## वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रयागराज स्टेशन तक विस्तार का शुभारम्भ



दिनांक 12.03.2024 को गोरखपुर - लखनऊ - गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस के प्रयागराज स्टेशन तक विस्तार के अवसर पर प्रयागराज स्टेशन पर भव्य समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नन्द गोपाल गुप्ता (नंदी) औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई निवेश प्रोत्साहन मंत्री, उत्तर प्रदेश, श्रीमती केसरी देवी पटेल माननीय सांसद/फूलपुर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पैदल उपरिगामी पुल का शिलान्यास एव लोकार्पण



दिनांक 14.03.2024 को जिगना रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती अनुप्रिया पटेल माननीय केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री ने जिगना रेलवे स्टेशन पर एवं जिगना-गैपुरा के मध्य (जासा बाघौरा ग्राम के निकट) पैदल उपरिगामी पुल का शिलान्यास और चुनार जं. रेलवे स्टेशन पर पैदल यात्री उपरिगामी पुल का लोकार्पण किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की श्रीमती रिंकी कोल, माननीय विधायक-छानवे सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मुरी एक्सप्रेस का रुरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ



दिनांक 15.03.2024 को श्री देवेंद्र सिंह 'भोले' माननीय सांसद/अकबरपुर ने गाड़ी संख्या 18310 मूरी एक्सप्रेस का रुरा रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव को हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में मण्डल के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र की जनता बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## कुंभ मेला-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज मंडल के साथ सिविल प्रशासन की समन्वय बैठक आयोजित



दिनांक 21.03.2024 को कुंभ मेला-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज मंडल के साथ श्री हिमांशु बडोनी, मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में सिविल प्रशासन की समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक के दौरान कुंभ मेला-2025 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए गहन मंथन किया गया।



*"अभ्यास से ही मनुष्य सम्पूर्ण बनता है।" - अज्ञात*

## महाप्रबंधक द्वारा ग्वालियर स्टेशन का निरीक्षण तथा ग्वालियर-धौलपुर रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने दिनांक 12 फरवरी 2024 को झाँसी मण्डल के ग्वालियर स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्वालियर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। ग्वालियर स्टेशन के निरीक्षण उपरान्त महाप्रबंधक ने ग्वालियर से धौलपुर के मध्य विंडो-ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारीगण, पर्यवेक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

## झाँसी मंडल में पहले रेल कोच रेस्टोरेंट का उद्घाटन



मंडल के पहले रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारम्भ दिनांक 14.02.2024 को माननीय सांसद झाँसी श्री अनुराग शर्मा द्वारा संपन्न हुआ। रेलवे द्वारा खाली ज़मीन तथा जर्जर पड़े कोचों का सदुपयोग कर राजस्व अर्जन हेतु यह योजना तैयार की गई है।

## मंडल के स्टेशनों के कायाकल्प के लिए शिलान्यास एवं रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज का लोकार्पण/शिलान्यास



दिनांक 26.02.2024 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 41,000 करोड़ रुपये की लागत से देश भर के 554 रेलवे स्टेशनों के शिलान्यास और1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण किया। इसी क्रम में झाँसी मंडल के 10 रेलवे स्टेशनों उरई, बाँदा, चित्रकूटधाम कर्वी, दतिया, हरपालपुर, ललितपुर, महोबा, मुरेना, पुखरायां, भिंड एवं 89 RUB/ROB का प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास/लोकार्पण किया गया।

## सोनागिर जैन तीर्थ मेले में लगाई गई रेलवे प्रदर्शनी



दिनांक 23 मार्च 2024 को सोनागिर जैन तीर्थ मेले में मंडल द्वारा लगाई गई रेल प्रदर्शनी का सोनागिर जैन तीर्थ समिति के प्रबंधक श्री संदीप जैन एवं कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र जैन सहित अन्य विशिष्ट स्थानीय गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया।

## मण्डल रेल प्रबन्धक द्वारा बायोगैस प्लाण्ट का उद्घाटन



दिनांक 06.03.2024 को मण्डल रेल प्रबन्धक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा वीरागंना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन के निकट 02 बायोगैस प्लाण्ट का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक/परिचालन श्री आर. डी. मौर्य सहित अन्य अधिकारीगण, सुपरवाइजर्स एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण



दिनांक 12 मार्च 2024 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण एवं राष्ट्र को समर्पण तथा 10 नई एवं विस्तारित वंदे भारत ट्रेनों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मंडल की कुल 29 परियोजनाओं तथा हजरत निजामुद्दीन-खजुराहो वंदे भारत का उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मार्ग के सभी स्टेशनों पर माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## गाड़ियों के मोठ स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ



दिनांक 13 मार्च 2024 को 11123/24 (ग्वालियर-बरौनी), 19165/66 (अहमदाबाद-दरभंगा), 19167/68 (अहमदाबाद-बनारस) के मोठ स्टेशन पर ठहराव कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री श्री भानुप्रताप वर्मा द्वारा गाड़ी सं. 11123 (ग्वालियर-बरौनी) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## नवनिर्मित मंडल नियंत्रण कार्यालय का उद्घाटन तथा महोबा-झाँसी रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



महाप्रबंधक श्री रविन्द्र गोयल ने दिनांक 29 फरवरी 2024 को मंडल रेल कार्यालय झाँसी में नवनिर्मित मंडल नियंत्रण कार्यालय का फीता काटकर शुभारम्भ किया। शुभारम्भ के पश्चात महाप्रबंधक ने मंडल नियंत्रण कार्यालय (कण्ट्रोल रूम ) का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने महोबा-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी खंड का विंडो-ट्रेलिंग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा, मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आगरा मण्डल

## मंडल रेल प्रबन्धक द्वारा व्हील चेंज ट्रक का उद्घाटन



दिनांक 02.02.2024 को मंडल रेल प्रबन्धक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा मथुरा डिपो पर नवनिर्मित और सुसज्जित व्हील चेंज ट्रक का उद्घाटन किया गया। मार्ग में उत्पन्न खराबियों को ठीक करने, कोच और वैगनों में हॉट एक्सल, फ्लैट टायर आदि के दौरान पहिया बदलने में यह उपयोगी होगा।

## महाप्रबंधक द्वारा आगरा छावनी स्टेशन व धौलपुर स्टेशन का निरीक्षण



महाप्रबंधक श्री रविंद्र गोयल ने दिनांक 12 फरवरी 2024 को आगरा छावनी स्टेशन व धौलपुर स्टेशन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धौलपुर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य की प्रगति को देखा तथा कार्यों की समीक्षा की साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए।

## आगरा फोर्ट-बांदीकुई दोहरीकरण शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 16.02.2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पण और आधारशिला रखी। इस दौरान आगरा फोर्ट-बांदीकुई रेल लाइन दोहरीकरण शिलान्यास कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

## यमुना ब्रिज स्टेशन पर सीढ़ियों और रैंप के साथ नए फुट ओवर ब्रिज का शिलान्यास

दिनांक 05.03.2024 को यमुना ब्रिज स्टेशन पर सीढ़ियों और रैंप के साथ नए फुट ओवर ब्रिज के प्रावधान का शिलान्यास माननीय प्रो. एस.पी. सिंह बघेल केन्द्रीय राज्यमंत्री, स्वास्थ एवं परिवार कल्याण, भारत सरकार व डॉ. धर्मपाल सिंह विधायक, एत्मादपुर ,मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंडल के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## आगरा छावनी स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार का लोकार्पण



दिनांक 04.03.2024 को प्रो. एस. पी. सिंह बघेल माननीय राज्यमंत्री, भारत सरकार, डॉ. जी.एस. धर्मेश माननीय विधायक आगरा छावनी, माननीय विधायक श्री पुरुषोत्तम खंडेलवाल आगरा, उत्तर व मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा आगरा छावनी स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार का लोकार्पण किया गया।

## गाड़ी सं. 01913/01914 के कुबेरपुर स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ



दिनांक 04.03.2024 से आगरा फोर्ट-एटा-आगरा फोर्ट स्पेशल के कुबेरपुर स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, माननीय राज्यमंत्री, भारत सरकार व डॉ. धर्मपाल सिंह माननीय विधायक, एत्मादपुर द्वारा कुबेरपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

## ताज महोत्सव मेले में रेल प्रर्दशनी का आयोजन



दिनांक 18.02.2024 को ताज महोत्सव मे रेल प्रदर्शनी रेल निहारिका का मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इसमें नवनिर्मित अयोध्या रेलवे स्टेशन का मॉडल, विभिन्न रेल मॉडल तथा फोटो गैलरी सजाई गई और साथ ही रेलवे के प्राचीन इतिहास से लेकर वर्तमान इतिहास को फोटो गैलरी के माध्यम से भी दर्शाया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा फतेहपुर सीकरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

दिनांक 29.03.2024 को उत्तर मध्य रेलवे आगरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा फतेहपुर सीकरी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। अमृत स्टेशन के रूप में चयनित फतेहपुर सीकरी रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान श्री तेज प्रकाश अग्रवाल ने स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म तथा प्रवेश द्वार का बारीकी से निरीक्षण किया एवं इस विषय में अधिकारियों से मास्टर प्लान पर चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


संरक्षक
**श्री रविन्द्र गोयल**
महाप्रबंधक

मुख्य संपादक
**श्री जे.एस. लाकरा**
अपर महाप्रबंधक

कार्यकारी संपादक
**श्री हिमांशु शेखर उपाध्याय**
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सहायक संपादक
डॉ. अमित मालवीय, कु. प्रशस्ति श्रीवास्तव, श्री अमित कुमार सिंह, श्री मनीष कुमार सिंह, श्री मनोज कुमार सिंह एवं श्रीमती रागिनी सिंह

उप सम्पादक
श्री पूरन मल मीना, श्री मोहन लाल मीना, श्री प्रमोद कुमार मिश्रा एवं श्री अनुज कुमार राजपूत

जनसंपर्क विभाग, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा प्रकाशित




''मानव की सेवा करना मानव का सर्वप्रथम कर्तव्य है'।' - विनोबा भावे